एक नजर में

नवागत एसडीओपी ने संभाली कमान

सारंगपुर 14 अक्टूबर, सं. नगर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम रखने को लेकर नवागत एसडीओपी महेश सुनाईया ने पदभार ग्रहण कर लिया है. एसडीओपी महेश सुनाईया ने कहा कि नगर में कानून व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे. पुलिस की प्राथमिकता रहेगी कि आम नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करें तथा क्षेत्र में शांति का माहौल बना रहे. इसके लिए कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे. उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का उद्देश्य आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना और कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखना है. क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन प्राथमिकता से करेगी. नवागत एसडीओपी के पदभार ग्रहण करने के साथ ही क्षेत्र में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी.

65 युवाओं को दिए ऑफर लेटर

राजगढ़ 14 अक्टूबर, का. जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से बुधवार को जिला प्रशासन जिला रोजगार कार्यालय राजगढ़ एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), ब्यावरा के समन्वय से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार आयोजित मेले में एसडीएम गोविंद दुबे उपस्थित रहे. रोजगार मेले में जिले के युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. मेले में कुल 620 युवाओं ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन कराया. रोजगार मेले में शामिल 07 कंपनियों द्वारा युवाओं की योग्यता एवं पात्रता के आधार पर चयन प्रक्रिया आयोजित की गई. इस दौरान 65 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किए गए, जबकि 80 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया. युवा संगम रोजगार मेले के माध्यम से जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें निजी क्षेत्र की कंपनियों से सीधे जुड़ने का अवसर मिला.

बच्चों ने जानी पानी के शुद्ध पेयजल की कहानी

राजगढ़ 14 अक्टूबर, का. नल खोलते ही घर में पानी आ जाता है, लेकिन डैम से निकलकर यह पानी पीने योग्य कैसे बनता है? पानी को साफ करने में कौन-सी आधुनिक तकनीक काम करती है और हजारों घरों तक इसकी आपूर्ति कैसे सुनिश्चित होती है? इन सवालों के जवाब जानने के लिए आज संदीपनी स्कूल के विद्यार्थियों ने मोहनपुरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के जल शोधन संयंत्र का शैक्षणिक भ्रमण किया. इस दौरान बच्चों ने पानी के शुद्ध होने से लेकर गांवों के घरों तक पहुंचने की पूरी कहानी को करीब से जाना और जल संरक्षण के महत्व को भी समझा. भ्रमण के दौरान मप्र जल निगम राजगढ़ के प्रबंधक सचिन दांगी ने विद्यार्थियों को जल प्रदाय व्यवस्था की प्रक्रिया समझाई. उन्होंने बताया कि मोहनपुरा डैम के इन्टेकवेल से कच्चा पानी जल शोधन संयंत्र तक पहुंचाया जाता है.

बिजली कटौती पर कलेक्ट्रेट में दिया धरना

ग्रामीण क्षेत्रों में तत्काल निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 14 अक्टूबर, का. ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देकर प्रदेश सरकार और विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई. इसके बाद राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की.

पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रियव्रत सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती तत्काल बंद करने और किसानों को कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने की मांग की. कांग्रेस ने कहा कि रबी फसलों की बुवाई और सिंचाई के महत्वपूर्ण समय में बिजली की अनियमित आपूर्ति से किसानों को परेशानी हो रही है.वहीं, नवरात्रि जैसे धार्मिक पर्व पर कटौती के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन भी प्रभावित हो रहे हैं.

ज्ञापन में कहा गया कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है. ऐसे में किसानों को खेती-किसानी के लिए समय पर पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराना आवश्यक है. इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित कटौती से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं. बिजली की समस्या का असर विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम नागरिकों पर भी पड़ रहा है.

कटौती तत्काल बंद करे

कांग्रेस ने मांग की कि ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद कर निर्धारित समय पर पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए. साथ ही बिजली संबंधी शिकायतों का जिला स्तर पर शीघ्र निराकरण करने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए. जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सरकार और विद्युत विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर बिजली व्यवस्था में सुधार करने की मांग की. ताकि किसानों को राहत मिल सके और ग्रामीणों को परेशानी से निजात मिले. इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, बापू सिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी, रामचंद्र दांगी, प्रेम सिंह परिहार,कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

एसई से बोले पूर्व विधायक- 'आप भी पिटोगे, हम भी पिटेंगे'

जिले में अघोषित बिजली कटौती के विरोध में हाईवे पर चक्काजाम के दौरान पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर की बिजली विभाग के अधीक्षण यंत्री (एसई) से फोन पर तीखी बहस हुई. तंवर ने कहा, सुन लो एसई साहब, आप भी पिटोगे, हम भी पिटेंगे, बचेगा नहीं कोई. अधिकारी ने जवाब दिया कि बिजली कटौती रोकना उनके हाथ में नहीं है. इस पर तंवर ने नाराजगी जताई और ग्रामीणों से सांसद-विधायकों को घेरने तथा उन्हें घरों से बाहर नहीं निकलने देने की अपील की.

लोड शेडिंग से नाराज ग्रामीणों ने किया चक्काजाम - सेमली कलां के सरपंच और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रेम सिंह परिहार के नेतृत्व में मंगलवार रात कांग्रेस नेताओं और ग्रामीणों ने ढाबला जोड़ पर चक्काजाम किया. प्रदर्शन में पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी और भोजपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह खींची सहित आसपास के गांवों के लोग शामिल हुए. भोजपुर, सेमली कलां, करकरी, चिब्बड़ और ढाबली सहित आसपास के गांवों में बार-बार बिजली कटौती से ग्रामीण नाराज थे. उनका आरोप था कि लोड शेडिंग के नाम पर बिना सूचना बिजली बंद की जा रही है. चक्काजाम के दौरान हाईवे के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई. करीब एक घंटे चले चक्काजाम के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया.

अंधेरे से भड़के अन्नदाता, किया चक्काजाम

छापीहेड़ा 14 अक्टूबर, सं. लसूडिया कंडेली आदि ग्रामीण अंचलों में रात के 7.45 बजे से बिना किसी पूर्व सूचना के की जा रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ किसानों और ग्रामीणों का सब्र का बांध आखिरकार टूट गया. बिजली संकट से उद्वेलित सैकड़ों किसानों ने पचोर जीरापुर स्टेट हाईवे पर छापीहेड़ा नलखेड़ा जोड़ पर सड़क पर बैठकर जोरदार प्रदर्शन किया और चक्काजाम कर दिया. इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली कंपनी और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. चक्काजाम के कारण हाईवे के दोनों ओर वाहनों की मील लंबी कतारें लग गईं और करीब एक घंट से अधिके तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा.

रात के अंधेरे ने बिगाड़ी दिन चर्या, पढ़ाई और कामकाज ठप - प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से रात के समय बिना किसी तय शिड्यूल के बिजली गुल की जा रही है. अघोषित कटौती के कारण न सिर्फ किसानों की रात की सिंचाई और दिनचर्या प्रभावित हो रही है, बल्कि उमस और अंधेरे में बच्चों की पढ़ाई व महिलाओं के घरेलू कामकाज भी पूरी तरह ठप हो गए हैं. बार-बार शिकायत के बाद भी जब सुधार नहीं हुआ, तो मजबूरन ग्रामीणों को सड़क पर उतरना पड़ा.

पुलिस व बिजली के अधिकारी बेअसर, अधिकारी को बुलाने पर अड़े रहे ग्रामीण - हाईवे जाम होने की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को सड़क से हटाने और जाम खोलने के लिए काफी समझाइश दी, लेकिन आक्रोशित जनता टस से मस नहीं हुई. ग्रामीणों की साफ मांग थी कि जब तक बिजली विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर ठोस आश्वासन नहीं देता, तब तक जाम नहीं खुलेगा. मौके पर नायाब तहसीलदार, विनय कुमार रजक थाना प्रभारी, कमलेश सोनी जेई राकेश सिरोलिया के आश्वासन के बाद जाम खुला.

देशभर तक पहचान बनाने की ओर अग्रसर 'अनाजू'

राजगढ़ 14 अक्टूबर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने, गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पादों को आमजन तक पहुँचाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में राजगढ़ जिले के ब्यावरा से संचालित 'अनाजू' एक सकारात्मक पहल के रूप में आगे बढ़ रहा है. 'फ्रेश फोर्म फिल्डस टू फैमली' अर्थात खेतों से परिवार तक ताजगी और विश्वास पहुंचाने के ध्येय के साथ यह उद्यम प्राकृतिक खाद्य उत्पादों, गुणवत्ता और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए अपनी पहचान स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत है. अनाजू प्रोडक्ट्स एलएलपी की स्थापना श्री शौर्य गुप्ता और श्री कोपल गुप्ता ने 14 जनवरी को की. इसके बाद मार्च 2026 से ब्यावरा, जिला राजगढ़ में नियमित रूप से कार्य संचालन प्रारंभ किया गया. उद्यम का उद्देश्य लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा प्राकृतिक खाद्य उत्पादों के माध्यम से उनके दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करना है. कंपनी किसानों और विश्वसनीय आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य उत्पाद प्राप्त करती है. ग्राहकों तक उत्पाद पहुँचाने से पहले गुणवत्ता की कई स्तरों पर जाँच की जाती है. कंपनी का मूल सिद्धांत है कि जो उत्पाद स्वयं के परिवार के लिए उपयुक्त न हो, उसे दूसरे परिवारों तक भी नहीं पहुँचाया जाना चाहिए. इसी सोच के साथ अनाजू गुणवत्ता, विश्वास और पारदर्शिता को अपने कार्यों का आधार बना रहा है.

17 साल के सूरज ने घर में लगाई फांसी

बचपन में माता-पिता का साया उठने के बाद दादी के साथ रहता था

नवभारत न्यूज



ब्यावरा 14 अक्टूबर, का. छोटी बामन गांव में 17 वर्षीय सूरज वर्मा का शव मंगलवार को उसके घर के कमरे में मिला.वह अपनी बुजुर्ग दादी सरदार बाई के साथ रहता था. बुधवार सुबह खिलचीपुर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

जानकारी के अनुसार, मंगलवार को सूरज गांव के हाट बाजार से सब्जी लेकर घर लौटा था. उस समय उसकी दादी किसी काम से गांव में बाहर गई हुई थीं. सूरज घर पर अकेला था. दादी जब वापस लौटीं, तो उन्होंने कमरे में पोते का शव फंदे पर लटका देखा. इसके बाद ग्रामीण उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

कारणों का पता लगा रही पुलिस

सूरज ने बचपन में ही अपने माता-पिता को खो दिया था. इसके बाद से वह अपनी बुजुर्ग दादी के साथ रह रहा था. उसने यह कदम क्यों उठाया, इसकी वजह अभी सामने नहीं आई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है.

करंट से 17 वर्षीय बालक की मौत

सारंगपुर 14 अक्टूबर, सं. ब्लॉक अंतर्गत ग्राम धामन्दा में मकान निर्माण के दौरान तराई करते हुए एक 17 वर्षीय बालक करंट की चपेट में आ गया. पुलिस ने प्राप्त जानकारी के अनुसार बालक रवि पिता जीतमल नागर उम्र 17 वर्ष निवासी धामंदा करंट की चपेट में आ गया. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. तुरंत परिजन समीप के सिविल अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टर की टीम ने बालक का परीक्षण कर मृत्यु घोषित कर दिया. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया फिलहाल मर्ग कायम कर पुलिस ने मामला जांच में लिया है.

ज्वेलर्स की दुकान से सोने की अंगूठियां चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन एवं पुलिस कार्रवाई से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 14 अक्टूबर, का. सिटी थाना पुलिस द्वारा नगर में सराफा बाजार में ज्वेलर्स की दुकान से सोने की अंगूठियां चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. आरोपियों से चोरी गया मशरूका शत-प्रतिशत जप्त किया गया है.

थाना प्रभारी सिटी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि घटना बीते 12 अक्टूबर की है. फरियादी हुकुमचन्द सोनी पिता हीरालाल सोनी, उम्र 68 वर्ष, निवासी अपना नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी चूड़ी गली ब्यावरा स्थित सोने-चांदी की दुकान पर बिक्री हेतु महालक्ष्मी ज्वेलर्स से लगभग 05-06 सोने की अंगूठियां मंगवाई गई थीं, जिन्हें उन्होंने अपनी दुकान में तोलकांटे के पास एक पन्नी में रख दिया था.

दोपहर करीब 03.30 बजे तीन महिलाएं एक छोटे बच्चे के साथ दुकान पर आईं और फरियादी से चांदी की चेन दिखाने के लिए कहा. फरियादी जब चेन का डिब्बा निकालकर उन्हें चेन दिखाने लगे, तभी महिलाएं मौका पाकर दुकान से चली गईं. उनके जाने के बाद फरियादी ने देखा कि तोलकांटे के पास पन्नी में रखी सोने की अंगूठियां गायब थी. फरियादी की रिपोर्ट पर थाना ब्यावरा सिटी में अपराध दर्ज किया गया.

पुलिस घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर आरोपियों तक पहुंची. गिरफ्तार आरोपियों में घनश्याम पिता वंशीलाल वागरी, उम्र 40 वर्ष, खुशबू बाई पिता भरत वागरी 22 वर्ष, केलम वाई पिता घनश्याम वागरी18 वर्ष, सोनी वाई पति घनश्याम वागरी 35 वर्ष सभी निवासी गागरौन थाना मंडावर, राजस्थान है.

ठेका दिलाने के नाम पर जनपद अध्यक्ष से 7 .20 लाख की ठगी

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 14 अक्टूबर, सं. नगर में नपाध्यक्ष से ठगी का मामला सामने आया है. जनपद पंचायत अध्यक्ष सीमा नैनावत और उनके पति सुनील नैनावत ने भोपाल के शांतिलाल मीणा पर आरोप लगाया है. उनका कहना है कि सड़क निर्माण का काम दिलाने के नाम पर उनसे रकम ली. करीब ढाई साल बाद भी काम नहीं मिला. पैसे वापस नहीं किए गए.शिकायत के मुताबिक, भोपाल की दाता कॉलोनी निवासी शांतिलाल मीणा ने सीमा नैनावत और उनके पति से संपर्क किया था. उसने कथित तौर पर पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल का करीबी होने की बात कहकर सुदूर सड़क निर्माण का काम दिलाने का भरोसा दिया. आरोपी को कुल 7.20 लाख दिए गए. इनमें 6.50 लाख फोनपे के जरिए ट्रांसफर करने और नकद भुगतान करने का दावा किया गया है. ढाई साल बाद भी न काम मिला, न रकम लौटीशिकायत के अनुसार, रकम लेने के बाद आरोपी काम दिलाने का आश्वासन देता रहा. ढाई साल बीत गए. लेकिन न सड़क निर्माण का काम मिला और न रकम वापस की गई. इसके बाद सुनील नैनावत मंगलवार देर रात उपलब्ध दस्तावेजों के साथ खिलचीपुर थाने पहुंचे. उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

ट्रेन से युवक की मौत

पचोर 14 अक्टूबर, सं. पॉलिटेक्निक के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की टक्कर से एक 26 वर्षीय युवक उमेश पिता प्रेमनारायण की मौत हो गई. वे पीपल्या रसोड़ा के निवासी थे. सोमवार शाम को वे काम पर जाने का कहकर घर से निकले थे. इसके बाद रेलवे ट्रैक पर उनकी मौत की सूचना मिली. स्वास्थ्य केंद्र में शव का पोस्टमार्टम कराया गया.

कार्ड मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजनं

नवभारत न्यूज

जीरापुर 14 अक्टूबर, सं. शासकीय महाद्यिालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार दांगी के मार्गदर्शन संचालित किया गया. प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. विभिन्न सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर आकर्षक और संदेशपरक कार्ड तैयार किए. विद्यार्थियों ने नशामुक्ति, ऊर्जा एवं जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, मानसिक स्वास्थ्य, दीपावली, भारतीय सेना का शौर्य, विकसित भारत, समृद्ध मध्यप्रदेश, युवा शक्ति, लोककला एवं संस्कृति, डिजिटल साक्षरता तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्यों जैसे विषयों को अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया.

जले हुए तेल से बना रहे थे नमकीन, नष्ट कराया

नरसिंहगढ़ में खाद्य विभाग की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 14 अक्टूबर, सं. कलेक्टर के निर्देशन में जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण की कार्यवाही निरंतर जारी है. इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस खत्री द्वारा बुधवार को शाजापुर वाला चौराहा, नरसिंहगढ़ स्थित सांवलिया स्वीट्स एवं अयोध्या डेयरी एंड स्वीट्स का निरीक्षण किया गया.

इस दौरान सांवलिया स्वीट्स से लौंग सेव एवं मावा रोल तथा अयोध्या डेयरी एंड स्वीट्स से मावा एवं अन्य मिठाइयों के नमूने जांच के लिए लिए गए. सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे.

निरीक्षण के दौरान सांवलिया स्वीट्स में सेव नमकीन का निर्माण किया जा रहा था. यहां कढ़ाई में कॉटन सीड ऑयल का जला हुआ तेल उपयोग में लिया जा रहा था. खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देश पर मौके पर ही लगभग 20 किलोग्राम जला हुआ तेल, जिसकी अनुमानित कीमत 4 हजार रुपये है, नष्ट कराया गया. इसी तेल से निर्मित लौंग सेव नमकीन का नमूना भी जांच के लिए लिया गया है. जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की भी जांच की गई.

नवरात्रि सैकड़ों गांव व नगरों से माता बिजासन को आस्था की चुनर चढ़ाने पहुंच रहे श्रद्धालु

81 फीट ऊंचे शिखर वाले मंदिर में विराजेंगी मां बिजासन

नवभारत न्यूज

पड़ाना 14 अक्टूबर, सं. अपने जीवन में धर्म को ओर तेज प्रदान करने के लिए किए जाने वाले तप जप साधना ओर अनुष्ठान का पर्व शारदीय नवरात्र चल रहा है. प्रसिद्ध देवी शक्ति पीठ सिद्धदात्री मां बिजासन धाम भैंसवा माताजी में भी मां बिजासन की साधना शुरू हो गई है. जहां रोज हजारों भक्त माता को धोक लगाने अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु जयकारों की गूंज के साथ कोई पैदल तो कोई अपने अपने वाहनों से माता के दरबार पहुंच रहे है.

वैसे 12 माह माता के दरबार में यात्रियों की भीड़ रहती है. ओर श्रद्धालु अपनी इच्छापूर्ति के लिए अलग अलग प्रकार की मान मन्नत करते है. नो दिवस के साधना पर्व में सैकड़ों गांव वा नगरों से माता बिजासन को भक्त अपने अपने गंतव्य स्थान से आस्था की चुनर चढ़ाने यह पहुंचेंगे जिनमें हजारों महिला पुरुष शामिल होंगे. मुख्यता सारंगपुर, छापीहेड़ा, मोहन, जीरापुर, पचोर, खुजनेर, उदनखेड़ी, मउ, पढ़ाना, मगराना, आसारेटा, सुल्तानिया, भीलखेड़ी, बांसखेड़ा, बखेड़, चाटक्या, हराना, पाडल्या माता, बिलोदा धामंदा, गुलावता सहित सैकड़ों गांवों से चुने यात्रा माता मंदिर पहुंचेगी.

कालांतर से चली आ रही परम्परा अनुसार नो दिनों तक गांव के नवदुर्गा मंदिर मां बिजासन मंदिर पुजारी परिवार धाकड़ पण्डाजी द्वारा घट स्थापना की जाकर साधना, आराधना, तप, जप, हवन पूजन कर रहे है. नवदुर्गा मंदिर भी माता के मुख्य मंदिर का ही हिस्सा है. जहां वर्ष में दो बार डोली में विराजित होकर माता खुद जाती है. बताया जाता है कि दुर्गा नवमी के दिन साधना ओर तप से प्राप्त सिद्धियों का एकत्रीकरण करते हुए पुनः मां बिजासन का विशेष अभिषेक नवदुर्गा मंदिर से लाए जाने वाले जल वा अन्य औषधियों से किया जाएगा. नो दिनों तक मां बिजासन की सेवा पूजा की जिम्मेदारी भिलाला पुजारी परिवार के ऊपर रहती है. जो नियमित रूप से माता के मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं. मां बिजासन महायज्ञ समिति, ट्रस्ट समिति,पुजारी परिवार एवं सभी ग्रामीणों द्वारा नो दिनों तक यात्रियों की सुविधाओं के लिए विभिन्न सेवा कार्य किए जाते हैं.

पांच वर्षों से चल रहा निर्माण कार्य

माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में पिछले पांच वर्षों से मां बिजासन के मंदिर का निर्माण चल रहा है. नागर शैली में बनाए जा रहे माता के मंदिर का निर्माण राजस्थान की प्रसिद्ध मार्बल खदान मकराना से निकलने वाले कुंभारी पत्थर से किया जा रहा है .लगातार चार साल से चल रहे मंदिर निर्माण कार्य में दो वर्ष तक मंदिर स्ट्रक्चर कार्य सम्पन्न कराया गया उसके बाद लगातार ऊपरी सतह पर पत्थर से मंदिर निर्माण कार्य किया जा रहा है. अपनी अभिनव कला का प्रदर्शन करते हुए राजस्थान की मां काली मार्बल कंपनी के कुशल कारीगरों द्वारा किया जा रहा है. जिसमें मंदिर के गर्भ गृह का निर्माण पूर्ण हो चुका है जिसके करीब सतह से 81 फिट ऊंचे शिखर का कार्य प्रगति पर है. वहीं दूसरे फेस का कार्य भी शुरू कर दिया गया है.